राहत | अब आसान हुआ आवागमन, ग्रामीणों के जीवन में आई बड़ी राहत

# 43 लाख की सड़क ने बदली अमृतटोला की तस्वीर



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले के वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत स्थित ग्राम बोटेझरी में विकास की एक नई कहानी लिखी गई है। ग्राम के मुख्य मार्ग से अमृतटोला तक लंबे समय से प्रतीक्षित पहुंच मार्ग का निर्माण 43 लाख रुपये की लागत से पूर्ण कर लिया गया है। यह निर्माण कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक-02 द्वारा कराया गया है।

अब तक बोटेझरी से अमृतटोला के बीच पक्की सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। खासकर वर्षा ऋतु में हालात अत्यंत खराब हो जाते थे। कीचड़ और फिसलन भरे रास्तों पर चलना जोखिम भरा हो जाता था, जिससे ग्रामीणों का दैनिक जीवन प्रभावित होता था। अमृतटोला के किसान, विद्यार्थी, व्यापारी, मरीज, तथा गांव में सेवाएं देने वाले शिक्षक, पटवारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, लाइनमेन जैसे शासकीय अमले को बोटेझरी की मुख्य सड़क तक पहुंचने में अत्यधिक कठिनाई होती थी। कई बार तो लोगों को ऐसा लगता था मानो 'दिन में तारे नजर आ रहे हों'।

लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना के अंतर्गत स्वीकृत 43 लाख रुपये की राशि से बोटेझरी मुख्य सड़क से अमृतटोला तक पक्की सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस सड़क से न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि ग्रामीणों के समय, श्रम और संसाधनों की भी बचत हो रही है। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री श्री मनोज धुर्वे ने बताया कि सड़क निर्माण से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिली है और यह मार्ग गांव के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### विकास और सुविधा की नई राह बन चुकी है

आज अमृतटोला के ग्रामीणों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ दिखाई देती है। यह सड़क किसानों को बाजार तक पहुंचने में, विद्यार्थियों को स्कूल जाने में, मरीजों को समय पर उपचार पाने में और शासकीय सेवाओं को गांव तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध हो रही है। बोटेझरी से अमृतटोला तक बनी यह सड़क अब केवल एक मार्ग नहीं, बल्कि विकास और सुविधा की नई राह बन चुकी है।

## वर्ष 2026 के लिए बालाघाट जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने वर्ष 2026 के लिए बालाघाट जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। जारी आदेश के अनुसार जिले में विभिन्न पर्व एवं पारंपरिक अवसरों पर यह स्थानीय अवकाश लागू रहेंगे। घोषित अवकाशों के तहत 14 जनवरी 2026 (बुधवार) को मकर संक्रांति, 11 सितंबर 2026 (शुक्रवार) को नारबोद तथा 11 नवंबर 2026 (बुधवार) को भाईदूज के अवसर पर सम्पूर्ण बालाघाट जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ये स्थानीय अवकाश कोषालय, उपकोषालय एवं बैंकों पर लागू नहीं होंगे। उक्त संस्थान अपने निर्धारित कार्यदिवसों के अनुसार खुले रहेंगे।

# धार्मिक कार्यक्रम भाईचारा, सहयोग और एकता की भावना को मजबूत करते है : प्रदीप



**नवभारत, वारासिवनी।** संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा बनियाटोला (कायदी) में समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने ग्रामीणजनों से समसामयिक और विकासात्मक विषयो पर सीधा संवाद किया। देर रात्रि मे भी कडकडाती ठंड मे ग्रामीणजनो की अपार उपस्थिती धार्मिक कथा की सफलता की गाथा को प्रस्तुत कर रही थी।

व्यासपीठ व साध्वी निष्कम्प चेतना गिरी जी अमृतसर ( पंजाब ) को नमन करते हुए गुड्डा भैया ने कहा की अब तो हमारे छोटे से टोले में भी धर्म की बयार बह रही है। यह सुखद पल भाईचारा,सहयोग और एकता की भावना को मजबूत करते है। जिससे समाज मे सकरात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

गुड्डा भैया ने ग्रामीणों को कायदी में सामुदायिक भवन की सौगात की जानकारी देते हुए बताया की अब 100 से अधिक लोगो की आबादी वाले टोले में भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़क निर्माण कर मुख्य सड़क से जोड़ा जा रहा है। जिसमे हुड़कीटोले की सड़क का सर्वे हो चुका है। जल्द चमचमाती सड़क देखने को मिल जाएगी।

दूसरी ओर व्यासपीठ से जब माताजी ने गुड्डा भैया को बड़े भाई से सम्बोधित करते हुये कहा की उनके प्राय: सभी आयोजन में आकर गुड्डा भैया सभी को संस्क्रति व परम्पराओ से जोड़कर नयी पीढ़ी को संस्कार देने के कार्य मे सहयोग प्रदान करते है। इन शब्दों को सुनकर सर्वश्री जीतु नगरगड़े,दीपक चेतगुरु,कमल उपराडे,मूलराज दमाहे,सन्तोष चौरसिया,सन्दीप कोबड़े, नरेंद्रनाथ जी के साथ अपार भक्तों ने करतल ध्वनि के साथ स्वागत भी किया।



## युवाओं का जत्था साईकिल से मैहर रवाना

**तिरोडी नवभारत 10 जनवरी।** मायल नगरी तिरोड़ी के ग्रामीण क्षेत्र के 25 युवाओं का एक जत्था हर वर्ष की तरह 9 जनवरी को तिरोडी से मैहर स्थित मां शारदा के दर्शन के लिए साईकिल से रवाना हुआ। रवाना होने के पूर्व सभी युवाओं ने तिरोड़ी शहर के मंदिरों के दर्शन कर अपनी यात्रा का शुभारंभ किया।

9 जनवरी की रात 10 बजे युवाओं का जत्था कटंगी शहर पहुंचा। इस दौरान यात्रियों का शहर में जगह-जगह स्वागत अभिनंदन किया गया। इन्होंने रात्रि विश्राम नगर परिषद के भवन में किया। 10 जनवरी शनिवार को सुबह 6 बजे 25 युवाओं का जत्था आगे की यात्रा के लिए रवाना हुआ। इस दौरान शहरवासी संदीप शर्मा व सुनील नागौसे ने बस स्टैंड में साईकिल यात्रियों का स्वागत कर उन्हें आगे की यात्रा के लिए रवाना किया।

### यात्रा वर्ष 1993 में शुरू हुई थी

तिरोड़ी के अशोक लखन साहू के नेतृत्व में इस वर्ष 25 युवाओं का जत्था तिरोड़ी से मैहर के लिए रवाना हुआ है। उन्होंने यात्रा की जानकारी देते हुए बताया पिछले 34 वर्षों से मैहर स्थित शारदा माता के दर्शन के लिए हर वर्ष 9 जनवरी को साईकिल से जाते हैं। यह यात्रा वर्ष 1993 में शुरू हुई थी। मां शारदा के आशीर्वाद से यह यात्रा लगातार संचालित की जा रही है।

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का आज बालाघाट आगमन

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल का 11 जनवरी को बालाघाट आगमन हो रहा है। मंत्री श्री पटेल 11 जनवरी को प्रात: 10 बजे जबलपुर से प्रस्थान करेंगे और दोपहर 01 बजे वारासिवनी तहसील के ग्राम वाला में अटल सुशासन भवन( जनपद पंचायत) के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 2.40 बजे वे बालाघाट हाकी मैदान में नारायण सिंह मेमोरियल हाकी टूर्नामेंट के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा 02.45 बजे नूतन कला निकेतन में आयोजित श्रमिक पंचायत में शामिल होंगे। मंत्री श्री पटेल अपराह्न 04 बजे वीरांगना रानी अवंतीबाई मंगल भवन गायखुरी में आयोजित लोधी युवक युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होंगे तथा शाम 05 बजे भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता लेंगे।

# भटेरा आरओबी का निर्माण कार्य जल्द पकड़ेगा गति : नपाध्यक्ष

### अवरोध को दूर करने सेतू संभाग विभाग के साथ किया निरीक्षण



**नवभारत, बालाघाट।** शहर की घनी आबादी वाले भटेरा क्षेत्र में आरओबी निर्माण को लेकर तकनीकी एवं ट्रॉफिक से जुड़ी समस्याएं आ सकती है इस इसलिए नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं आरओबी निर्माण को गति देने के लिये अवरोध को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। शुक्रवार 9 जनवरी को भटेरा निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, पार्षद कारो लिल्हारे, जैनेन्द्र कटरे एवं वार्डवासियों के साथ सेतू संभाग विभाग के एसडीओ अर्जुन सनोडिया की मौजूदगी में निरीक्षण किया।

नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने बताया कि निर्माण एजेंसी द्वारा भटेरा ग्राम की दिशा से आरओबी का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है कुछ पिलर खड़े हुए है साथ ही सर्विस रोड को भी व्यवस्थित किया जा रहा है इसके अलावा साईड वॉल तैयार की जा रही है जिसे भी पूर्ण किया जाना है। उन्होंने बताया कि शहर की घनी आबादी वाला भटेरा क्षेत्र होने की वजह से यहां यातायात की समस्या को दूर करना चुनौतिपूर्ण है इसके लिये प्रशासन द्वारा डायवर्जन मार्ग का चयन किया गया है बोदा पाडन रोड पर अस्थाई रेलवे फाटक बनाया जा रहा है यहां पर बड़े नाले का निर्माण भी किया जा रहा है ताकि आगामी दिनों में इस रास्ते से रूट डायवर्ट किया जा सके। उन्होंने बताया कि अधिकारियों के साथ भू अधिग्रहण, दावा आपत्तियों का निपटान एवं अन्य तकनीकी बिंदुओं पर भी चर्चा की गई है।

### बनाया जायेगा अंडरपास एवं वैकल्पिक मार्ग

नपाध्यक्ष ने बताया कि आरओबी निर्माण के दौरान आवाजाही में दिक्कतें ना हो इसलिए अंडरपास का निर्माण किया जायेगा जिसकी भी ड्राईंग एवं डिजाइन तैयार हो चुकी है जैसे ही रूट डायवर्ट होता है तो फिर अंडरपास का निर्माण भी प्रारंभ कर दिया जायेगा। यातायात को व्यवस्थित करना हमारी प्राथमिकता है ताकि निर्माण कार्य प्रभावित ना हो। उन्होंने बताया कि सेंट मेरी स्कूल के सामने से होते हुए बोदा पाडन रोड तथा यहां से आगे अंडरपास होते हुए भरवेली मार्ग तक प्रशासनिक रूप से डायवर्जन मार्ग का चिन्हांकन किया गया है। साथ ही पंप हाऊस गली होते हुए दुपहिया चालकों के लिये मार्ग भी सुविधाजनक हो यह प्रयास किये जा रहे है। नपाध्यक्ष ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान नाले एवं नाली के पानी से अवरोध ना हो इसलिए भी प्लान तैयार किया गया है। वहीं स्थानीय पार्षद कारो लिल्हारे द्वारा भी जनसुविधाएँ से जुड़े कुछ सुझाव दिये गए यह सभी काम तेज गति से किये जाने के लिये आदेशित किया गया है। सेतू संभाग विभाग द्वारा बताया गया कि भू अधिग्रहण की प्रक्रिया हो चुकी है आगामी समय में दावा-आपत्तियों का निराकरण हो जाने के उपरांत आरओबी निर्माण को आगे बढ़ाने का काम प्रारंभ हो जायेगा। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष ने सभी पहलुओं को जाना तथा जल आवर्धन योजना की पाईप लाईन, सीवेज निकासी, नाले-नालियों का निर्माण एवं वैकल्पिक मार्ग आदि विषयों पर प्रत्यक्ष रूप से विभागीय अधिकारियों के साथ मंथन किया गया।

# बैगा महोत्सव : जोनल स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं हुई



### 2500 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग

**नवभारत, बैहर।** बैगा महोत्सव 2026 के अंतर्गत आयोजित जोनल स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 2500 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों में भी जबरदस्त जोश और उमंग देखने को मिली, जिससे पूरा वातावरण खेल भावना से सराबोर रहा।

प्रतियोगिताओं के दौरान विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयोजन स्थल पर पारंपरिक उत्साह, अनुशासन और आपसी भाईचारे का सुंदर उदाहरण देखने को मिला।

आयोजकों के अनुसार, 17 जनवरी को विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि 18 जनवरी को प्रगति मैदान, मलाजखंड में भव्य फाइनल मुकाबला आयोजित किया जाएगा।

विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन स्थल बैहर विकासखंड में खेल परिसर मैदान, बिरसा विकासखंड में शासकीय कन्या उमावि, बिरसा का खेल मैदान एवं परसवाड़ा विकासखंड में शासकीय कन्या उमावि, परसवाड़ा का खेल मैदान निर्धारित है। बैगा महोत्सव के माध्यम से जिले में खेल, संस्कृति और सामुदायिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यह महोत्सव न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रहा है, बल्कि जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और सामाजिक समरसता को भी सशक्त बना रहा है।



## एसडीएम ने बैगा बाहुल्य ग्राम कुकड़ा का किया भ्रमण

### आंगनबाड़ी एवं विद्यालय का निरीक्षण किया

**नवभारत, परसवाड़ा।** परसवाड़ा एसडीएम श्रीश प्यासी ने शुक्रवार, 09 जनवरी को बैगा बाहुल्य ग्राम कुकड़ा का भ्रमण कर आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र तथा विद्यालय में बच्चों को दिए जा रहे मध्यान्ह भोजन की स्थिति की जानकारी ली।एसडीएम श्री प्यासी ने बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने, पठन-पाठन की व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा विद्यालय परिसर एवं आंगनबाड़ी केंद्र में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद कर भोजन की गुणवत्ता एवं पढ़ाई से जुड़ी जानकारी भी प्राप्त की। एसडीएम ने संबंधित कर्मचारियों को शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू में नवजात को मिला जीवनदान

### चिकित्सकीय टीम की सतत देखरेख से बची नन्ही जान



**नवभारत, बालाघाट।** जिला चिकित्सालय बालाघाट की स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू ) में एक बार फिर समर्पित चिकित्सा सेवा और समय पर लिए गए सही निर्णय से नवजात शिशु को नया जीवन मिला। यह प्रेरक कहानी न केवल जिला चिकित्सालय की बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को दर्शाती है, बल्कि चिकित्सकों के अनुभव और संवेदनशीलता का भी उदाहरण है।

सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि नीतू हरिनखेड़े को प्रसव के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां इमरजेंसी में सीजर ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉ. निलय जैन ने परिजनों को जिला चिकित्सालय में ही सीजर करवाने की सलाह दी, ताकि नवजात और माता को तुरंत विशेषज्ञ उपचार मिल सके।

सीजर ऑपरेशन के बाद जन्मे शिशु का वजन 2 किलो 100 ग्राम था, लेकिन जन्म लेते ही उसकी हालत अत्यंत नाजुक हो गई। शिशु को सांस लेने में भारी कठिनाई हो रही थी, शरीर नीला पड़ गया था, फेफड़े अंदर की ओर धंस रहे थे और गले से तेज आवाजें आ रही थीं। शिशु की गंभीर अवस्था देखकर पिता और रिश्तेदार बेहद घबरा गए और उसे तत्काल गोंदिया ले जाने पर अड़े हुए थे।

ऐसे कठिन समय में डॉ. निलय जैन ने स्वयं लगातार शिशु की निगरानी की और परिजनों को बार-बार भरोसा दिलाया कि शिशु को कहीं ले जाने की आवश्यकता नहीं है, वह जिला चिकित्सालय में ही ठीक हो जाएगा। चिकित्सकीय टीम ने तुरंत शिशु को एसएनसीयू में भर्ती कर ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा और आवश्यकता अनुसार सीपैप मशीन के माध्यम से श्वसन सहायता दी।

# जिपं सीईओ के मामले को विधानसभा में उठाया जायेगा : अनुभा

### कांग्रेस विधायक संजय उईके व अनुभा मुंजारे ने अधिवक्ताओं का समर्थन किया



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ द्वारा जनसुनवाई में अधिवक्ता और पक्षकार के साथ किये गये दुर्व्यवहार के मामले को विधानसभा सत्र में उठाने की बात कही हैं। श्रीमती मुंजारे आज 9 जनवरी को कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष व विधायक संजय उईके के साथ अधिवक्ताओं से भेंट करने के लिये पहुंची थी। जहां पर उन्होने सीईओ को लेकर नाराज चल रहे अधिवक्ताओं को समर्थन दिया। बता देवें कि अधिवक्ता कपिल शिवहरे की ओर से आरोप लगाया गया कि विगत 6 जनवरी मंगलवार की जनसुनवाई के दौरान भूमि संबंधी विवाद को लेकर आवेदन देने गए थे जहां अपने पक्षकार के साथ जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ को आवेदन देना चाहा लेकिन उन्होने आवेदन लेने से न सिर्फ मना किया बल्कि उनके पक्षकार को वे यह कहने लगे कि उसे अधिवक्ता कपिल शिवहरे द्वारा गुमराह किया जा रहा है तथा उन्हें अपमानित किया गया। इस घटना से वे आत्मग्लानि महसूस कर रहे हैं। कपिल शिवहरे के साथ हुये इस वाक्या के सामने आने के पश्चात बार एसोसियेशन के अधिवक्तागण खुलकर सामने आ गये हैं। जिन्होने जिला पंचायत सीईओ के खिलाफ 7 जनवरी को ज्ञापन सौंपा और कार्यवाही की मांग की। साथ ही आगामी समय में चरणबद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दी हैं। इसी के तहत अधिवक्ताओं ने विधायकों को आमत्रित किया था। कांग्रेस के दोनो विधायकों ने अधिवक्ताओं को जिला पंचायत सीईओ की कार्यप्रणाली से अवगत होते हुये चिंता व्यक्त की और समर्थन दिया। विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि जिला पंचायत सीईओ पूर्व में मेरे कॉल का रिसीव नहीं कर रहे थे। जिसकों लेकर उन्होने आयोजित कलेक्ट्रेट की बैठक में इस मुददा को उठाया और आपत्ति की थी। जिस पर सीईओ ने खेद जताया था। वही सीईओ की कार्यप्रणाली सकारात्मक नहीं होने को लेकर उन्होने पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल से भी शिकायत की थी। जिस पर मंत्री श्री पटेल ने सीईओ को तलब कर कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश दिये थे। जिसके बाद सीईओ के व्यवहार में कुछ बदलाव आया और वे मेरे कॉल को रिसीव करने लगे हैं। विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि बीजेपी की सरकार में अफसरशाही कुछ ज्यादा ही हावी हो गई हैं। लेकिन यह हमारा बालाघाट है। जहां पर लोग अफसरों से कार्य कराना जानते है तो उनके गलत व्यवहार का प्रतिकार करना भी। जिसे कतई बर्दाश्त नही किया जायेगा। उन्होने कहा कि वह अधिवक्ताओं के साथ है और सीईओ को अपने व्यवहार के लिये माफी मांगनी चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस विधायक संजय उईके ने भी अधिवक्ताओं के साथ हुये दुर्व्यहार की बात को संज्ञान में लिया और मामले को काफी गंभीर बताया। उन्होने कहा कि अधिकारियों को अपने कार्यप्रणाली में सुधार लाना चाहिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।



# विद्यार्थी कानूनी अधिकारों के प्रति रहे सजग : न्यायाधीश

### महाविद्यालय में युवा दिवस के मौके पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम

**तिरोडी नवभारत 10 जनवरी।** वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय तिरोड़ी में युवा दिवस के मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के संयुक्त तत्वावधान में विधिक सेवा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य पवन सोनी के मार्गदर्शन में तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती नेहा ठाकुर अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिति में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि न्यायाधीश नेहा ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि न्यायपालिका का यह प्रयास है कि कानूनी जानकारी के अभाव में कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह करते हुए कहा कि वे अपने कानूनी अधिकारों के प्रति सचेत रहे।

### पास्को एक्ट की दी जानकारी

उन्होंने पास्को एक्ट और यातायात के नियमों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की उपस्थिति में महाविद्यालय परिसर में न्यायाधीश नेहा ठाकुर द्वारा वृक्षारोपण किया गया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूक करना, हरियाली को बढ़ावा देना और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में योगदान देना था।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य पवन सोनी ने मुख्य अतिथि का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के सहायक प्राध्यापक डॉ. नैनवाती धारने, डॉ. कविता क्षीरसागर, डॉ. अश्विन सतनकर, डॉ. कुलदीप लखेरा, डॉ. हितेश उके, डॉ. योगेश सोनोने, डॉ. अरुण शिंदे, सुरेश गिरी, प्रदीप चौरे के अलावा महाविद्यालय के छात्र छात्राएं एवं अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।